Sixteenth Loksabha

>

Title: Regarding apology by British Government to family members of those killed in Jalianwala Bagh.

श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (आनंदपुर साहिब): मैडम स्पीकर, हमारा देश जलियांवाला बाग का 100वां वर्ष मनाने जा रहा है। मैं समझता हूँ कि भारत के इतिहास में एक हजार से भी ज़्यादा लोग गोल्डन टेम्पल के बाहर निहत्थे और निर्दोष जनरल डायर की ओर से मार दिए गए ।…(व्यवधान) मैं भारत सरकार का आभारी हूँ कि जो 100वाँ वर्ष उन शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाने जा रहे हैं। मैडम स्पीकर, मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूँ कि ब्रिटिश गवर्नमेंट पर असर डाला जाए, प्रिवेल-अपॉन किया जाए कि इस *'खूनी साके'* के लिए इंग्लैंड सरकार माफी माँगे। वहाँ की पार्लियामेंट में मुद्दा उठ रहा है ।…(व्यवधान)

दूसरा, शहीद उधम सिंह, जिसने यह बदला लिया था। मैं गृह मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूँ कि उन्होंने जलियांवाला बाग के बाहर स्टेच्यू लगाया ।…(व्यवधान) मगर शहीद उधम सिंह की पिक्चर यहाँ पार्लियामेंट में लगानी चाहिए, जिसने 100 वर्ष पहले इस देश को आज़ाद कराने के लिए अपनी शहादत दी ।…(व्यवधान) मैं चाहता हूँ कि, माननीय मंत्री जी बैठे हैं, उनको यह विश्वास दिलाना चाहिए कि 100 वर्ष मनाने जा रहा है, शहीद उधम सिंह की फोटो वहाँ लगे। इंग्लैंड सरकार माफी माँगे। थैंक यू ।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री जितेन्द्र चौधरी, श्री मोहम्मद सलीम, श्री पी.के. बिजू, श्री रवीन्द्र कुमार जेना, श्री शरद त्रिपाठी और श्री सुमेधानन्द सरस्वती को श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

डॉ. भागीरथ प्रसाद।